REHABILITATION (SHRI VEEREN-DRA PATIL) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

सभी राज्यों के समाचार पत्रों द्वारा पालेकर पंचाट का क्रियान्वयन

314. **श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा** : क्या **श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या श्रमजीवी पत्रकारों और अंशकालिक संवाददाताओं के हित में सभी राज्यों में पालेकर पंचाट को कार्यान्वित किया गया है; यदि हां, तो विभिन्न समाचार पत्रों के प्रबन्धकों द्वारा उसे किस-किस तारीख से क्रियान्वित किया गया;

(ख) सरकार का न्यूजपेपर्स एन्ड पब्लीकेशंस लिमिटेड, पटना, बिहार के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार है जिसने पंचाट लागू करने की घोषणा करने के बावजूद अपने अंशकालिक संवाददाताओं के मामले में पंचाट लागू नहीं किया है; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार में अन्य समाचार पत्रों के प्रबंधकों ने इस पंचाट का पालन किया है अथवा नहीं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल): (क) पालेकर अधिकरण की सिफारिशों के बारे में सरकार के आदेश उन सभी प्रतिष्ठानों पर लागू होते हैं जो श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार-पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत आते हैं। तथापि, कई राज्यों में कुछ प्रतिष्ठान हैं जिन्होंने अधिकरण की सिफारिशों के बारे में सरकार के आदेशों को कार्यान्वित नहीं किया है। श्रेणी I ख, I क, I, II और III के अन्तर्गत आने वाले समाचारपत्र प्रतिष्ठानों के बारे में अवार्ड को लागू करने की प्रभावी तारीख 1-10-79 है तथा श्रेणी IV, V, VI और VII के अन्तर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों के मामले में प्रभावी तारीख 1-10-1980 है।

(ख) और (ग) पालेकर अवार्ड के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का है। बिहार सरकार से सूचना मांगी गई है और वह सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

Complaints Regarding Curtailment of National Hook-up Programmes

315. PROF. SAIFUDDIN SOZ : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether the National Hook-up programme telecast from Delhi has curtailed time for important programmes depicting various socio-economic aspects of the life in the areas in which respective kendras operate ; and

(b) if so, the number of complaints received against this programme by the Ministry so far and action taken thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir. National Programme has not affected programmes depicting socio-economic progress telecast from other Doordarshan Kendras.

(b) Complaints have been received by Doordarshan from time to time in respect of various programmes including National Programme. The comments and criticisms are analysed to improve the quality of programmes included in the National Programme.

वाराणसी दूरदर्शन केन्द्र द्वारा कार्यक्रमों का प्रसारण

316. **श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** : क्या